मंडल में कर्मचारियों के लिए लॉन्च होगी मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना

जयपुर के प्रताप नगर में बनेंगे 2, 3 बीएचके साइज के 624 फ्लैट

मंडल की ओर से 11 शहरों में लॉन्च की जाएगी 17 आवासीय योजनाएं

पंजाब केसरी/जयपुर

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल की ओर से प्रदेश के कर्मचारियों और आमजन को बड़ा तोहफा देते हुए जयपुर के प्रताप नगर में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना तथा प्रदेश के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इन योजनाओं की लॉन्चिंग एक माह के भीतर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्तर पर करवाई जाएगी।

अरोड़ा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति का सपना है कि उसका अपना घर हो। उनके इस सपने को साकार करने के लिए मंडल की ओर से प्रत्येक वर्ग की जरूरतों के हिसाब से उचित कीमत पर आवासीय योजना तैयार की गई हैं।

कर्मचारियों को उचित कीमत पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लॉन्च की जाएगी।

इस योजना में प्रत्येक स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार कुल 674 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में 10 लाख 90 हजार रुपए में 632 वर्गफीट में निर्मित 2 बीचएचके फ्लैट, 15 लाख 70 हजार रुपए में 882 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 2 बीचएचके फ्लैट और 21 लाख रुपए में 1097 वर्ग फीट में निर्मित 3 बीचएचके फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे।

11 हजार 250 आवास होंगे उपलब्ध

आयुक्त ने बताया कि आमजन के घर की जरूरतों को देखते हुए मंडल की ओर से 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लॉन्च की जाएगी। यह योजनाएं जयपुर के सिरोली, वाटिका, महला, शाहपुरा, उदयपुर के दक्षिण विस्तार एवं देवारी, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, टोंक के निवाई, सिरोही के आबूरोड, अजमेर के नसीराबाद, किशनगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में लॉन्च होगी।

इन योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग-अ, मध्यम आय वर्ग-ब और उच्च आय वर्ग के लिए कुल 11 हजार 250 आवास उपलब्ध होंगे। राजस्थान आवासन मंडल के 50 वर्ष के इतिहास में इतनी योजनाएं एक साथ कभी भी लॉन्च नहीं की गई हैं।

मण्डल में पहले सैनेटाइजेशन स्टेशन का उद्घाटन

आवासन आयुक्त ने बुधवार को आवासन मण्डल मुख्यालय में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेश के पहले सुव्यवस्थित सैनेटाइजेशन स्टेशन का उद्घाटन किया। अरोड़ा ने बताया कि मण्डल कार्यालय में आने वाले कर्मचारियों और आमजन को कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव के लिए सैनेटाइजेशन स्टेशन की स्थापना की गई है।